हिन्दी विभाग

Course Outcomes:

B.A. I Year I Sem, हिन्दी काव्य (A010101T)

हिंदी काव्य के प्रतिनिधि कवियों की कविताओं के विषय में जानकारी देना तथा हिंदी। काव्य के संक्षिप्त इतिहास की जानकारी देकर विद्यार्थियों को हिंदी कविता के विकास क्रम से अवगत कराना |

B.A II Sem, कार्यालयी हिन्दी और कम्प्यूटर (A010201T)

हिंदी के विद्यार्थियों को कार्यालय के कार्यों की मूलभूत जानकारी प्रदान करना ताकि वह कार्यालय के कार्यों को सुगमतापूर्वक कर सके एवं उन्हें कम्प्यूटर का मूलभूत ज्ञान देना तथा उन्हें कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य करने में सक्षम बनाना ताकि | वे कम्प्यूटर पर कार्य करने में सक्षम होकर रोज़गार प्राप्त कर सके।

B.A. II Year III Sem, हिन्दी गद्य (A010301T)

हिंदी के विद्यार्थियों को हिंदी गद्य की सभी विधाओं का सम्यक ज्ञान देना तथा उन्हें हिंदी के प्रतिनिधि उपन्यासकारों, कथाकारों, नाटककारों एवं एकांकीकारों, निबंधकारों एवं अन्य गद्य विधाओं के लेखकों के महत्वपूर्ण प्रदेय से परिचित कराना, ताकि विद्यार्थी इन सभी विधाओं से परिचित हो सकें और इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थी इस हेतु तैयार हो सकें।

B.A. IV Sem , हिन्दी अनुवाद (A010401T)

विद्यार्थियों को हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी की प्रारंभिक जानकारी प्रदान करते हुये वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने में सक्षम बनाना तथा भारतीय संस्कृति और साहित्य के प्रचार प्रसार में सहायक बनाना।

B.A. III Year V Sem, साहित्यशास्त्र और हिन्दी आलोचना (A010501T)

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थी साहित्यशास्त्र एवं आलोचना के अर्थ,महत्त्व और उनके विषय क्षेत्र से परिचित हो सकेंगे तथा वे हिंदी आलोचना के रूप में भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र के आधुनिक विकास के विविध रूपों और दिशाओं का साक्षात्कार कर सकेंगे |

B.A. V Sem, हिन्दी का राष्ट्रीय काव्य (A010502T)

हिंदी की राष्ट्रीय काव्य चेतना से जुड़े कवियों की रचनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति अनुराग जाग्रत करना |

B.A.VI Sem, भाषा विज्ञान, हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि (A010601T)

प्रो० सुनीता
हिन्दी विभाग
रघुनाथ गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज
मेरठ (उ०प्र०)

Scanned with OKEN Scanner

भाषा के अंगों, हिंदी भाषा के उद्भव तथा विकास और देवनागरी लिपि के स्वरूप की जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को हिंदी की वैज्ञानिक एवं वैधानिक स्थिति से परिचित कराना।

B.A.VI Sem, लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति (A010602T)

भारतीय संस्कृति में जनश्रुति से निर्मित साहित्य के महत्वपूर्ण योगदान से विद्यार्थियों को परिचित कराना तथा लोक संस्कृति के विकास से विद्यार्थियों को अवगत कराना ।

प्रो० सुनीता
हिन्दी विभाग
रघुनाथ गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज
मेरठ (उ०प्र०)

Scanned with OKEN Scanner